म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल।

क्रमांक/बी–6/नियमन/47/654 भोपाल दिनॉक 16/09/2020

प्रति,

संयुक्त/उप संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा उज्जैन जिले से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2019 फसल बीमा राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से दावा राशि वितरण कार्यक्रम बावत्।

दिनांक 18.09.2020 को **प्रातः11.00बजे** उज्जैन जिले से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2019 फसल बीमा राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किये जाने का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे प्रदेश के 22 लाख किसानो को लगभग रूपये 4688 करोड की बीमा दावा राशि हस्तांतरित की जायेगी तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा चयनित जिलो के किसानो से सीधे संवाद भी किया जायेगा। कार्यक्रम का पूरे प्रदेश मे **दूरदर्शन (DD1)पर** सीधा प्रसारण किया जायेगा।

सभी मण्डी समितियो मे निम्नानुसार कार्यवाही संपन्न की जाये–

1 उक्त कार्यक्रम को सुनने एवं देखने के लिये मण्डी समितियो मे उपयुक्त स्थान (हॉल अथवा शेड)पर किसानो के लिये एक स्क्रीन/डिसप्ले बोर्ड/एलईडी की व्यवस्था की जाये। ऐसी मण्डी समितियां जो ई–नेम से जुडी है उनमे एलईडी उपलब्ध है उसका उपयोग किया जा सकता है।

2 कार्यक्रम मे सहभागिता हेतु किसानो को आमंत्रित किया जाये तथा किसानो को बैठने की उचित व्यवस्था की जाये।

3 कार्यक्रम के लिये **http://mp.mygov.in** लिंक पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पृष्ठ पर **Register Now** पर क्लिक करके स्वयं का एवं किसानो का पंजीयन किया जाये।

4 वर्तमान मे उक्त लिंक के माध्यम से पंजीयन की कार्यवाही प्रारंभ है। ज्यादा से ज्यादा किसानो का पंजीयन कराया जाये।

5 उक्त कार्यक्रम मे कोविड–19 के दिशा निर्देशो का पुर्ण ध्यान रखा जाये तथा किसानो को कार्यक्रम स्थल मे सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुये सेनेटाईजर एवं मास्क का उपयोग सुनिश्चित किया जाये। ऐसे व्यक्ति/किसान जिनके पास मास्क नही है उन्हे कार्यक्रम स्थल पर मास्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये।

सभी आंचलिक अधिकारी अपने संभाग की मण्डी समिति के सचिवो से समन्वय कर कार्यक्रम की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगे।

16.9.20
(संदीप यादव)
प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल